THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

GRADE- 10 AB

	खंड 'ख' रचनात्मक-लेखन	
प्र. 1	दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए--	
	1. लड़कियों की शिक्षा • भारतीय समाज में लड़कियों का स्थान • शिक्षा की आवश्यकता और बाधाएँ • सबका सहयोग 2. स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम • शरीर और मन के स्वास्थ्य का संबंध • व्यायाम के प्रकार व लाभ • व्यक्ति और देश की उन्नति में योगदान 3. रिएल्टी शो और प्रतिभा की खोज • रिएल्टी शो के प्रकार • लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम • उपयोगिता	
प्र. 2	विद्यालय के प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर पुस्तकालय में हिंदी के पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध करवाने का निवेदन कीजिए। (शब्द-सीमा-120) या	5

	दैनिक समाचार पत्र नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए, जिसमें दिल्ली में बढ़ते वायु-प्रदूषण पर चिंता प्रकट करते हुए इसे नियंत्रित करने के लिए सुझाव दिए गए हों। (शब्द-सीमा-120)	
प्र. 3	दिए गए विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर लगभग 50 शब्दों में सूचनाएँ लिखिए- I. आपके विद्यालय में होने वाली वार्षिक 'खेल-कूद प्रतियोगिता' में भाग लेने हेतु छात्रों के लिए एक सूचना लिखिए। II. मुहल्ला समिति के सचिव की ओर से कॉलोनी में आयोजित होने वाले 'दीवाली-मेला' की सूचना लिखिए। III. 'आगामी दो दिन तक बिजली का संकट बना रहेगा।' इस विषय पर बिजली विभाग की ओर से एक सूचना लिखिए।	
प्र. 4	दिए गए विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर लगभग 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए - I. आप अपनी दो वर्ष पहले खरीदी बाइक बेचना चाहते हैं, उससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए। II. विद्यालय में बनी मोमबत्तियों की बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। III. 'वृंदावन-गार्डन'' नाम से एक नया समारोह स्थल खुला है। उसमें पार्टियाँ करने और ठहरने एवं भोजन करने की भी व्यवस्था है। इसके प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।	
प्र. 5	किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। • वह नाक की सीध में दौड़ा चला जा रहा था। दौड़ते-दौड़ते उसे यह भी होश नहीं था कि वह सड़क के बीचों-बीच आ चुका है जहाँ हैं अनेक कारें, बसें और अन्य वाहन भी। अचानक एक बस वाले ने ज़ोर से हॉर्न बजाया ... • 'सफलता का मंत्र' शीर्षक पर एक लघुकथा लिखिए।	